निविदा फार्म का मूल्य–1000/– एक हजार रूपये

# लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु शासकीय एवं खुदरा आपूर्ति (Govt & Retail Supply) के लिए निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों की प्रदेश एवं देश के विभिन्न स्थानों तक परिवहन कार्यो (Transportation/Courier/Delivery) के संपादन के लिए ई–निविदा

ऑनलाइन निविदा बोली प्रस्तुत (अपलोड) करने की
अंतिम तिथि 13.04.2026 समय दोपहर 12.00 बजे तक

लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क)
वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल–462022
(प्रधान कार्यालय–म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित)
फोन : (0755) 2970629, 2970630 एवं 4331459
**Website:** www.vindhyaherbals.in, **Email:** mfpparc@gmail.com

## लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों की शासकीय एवं खुदरा आपूर्ति (Govt & Retail Supply) प्रदेश एवं देश के विभिन्न स्थानों तक परिवहन कार्यो (Transportation/Courier/Delivery) के संबंध में जारी ई–निविदा की अधिसूचना

मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, मर्यादित भोपाल की आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण एवं प्रसंस्करण की इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों की शासकीय एवं खुदरा आपूर्ति **(Govt & Retail Supply)** प्रदेश एवं देश के विभिन्न स्थानों तक परिवहन कार्यो (Transportation/Courier/Delivery) के संबंध में जारी निविदा हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/निविदाकारों से ऑनलाइन ई–निविदाएँ/वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

1. ऑनलाइन ई–निविदा से संबंधित दस्तावेज एवं विवरण म.प्र. शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समय सीमा एवं अवधि हेतु उपलब्ध रहेगा।
2. इच्छुक बोलीदाता/निविदाकर्ता को ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से म.प्र. शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन (registration) कराना आवश्यक है।

### निविदा के संबंध में निर्धारित समय सारणी

| कार्यविवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|
| आनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का समय | दिनांक 23.03.2026 दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 13.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। |
| प्रि–बिड मीटिंग दिनांक एवं समय | दिनांक 30.03.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे |
| ऑनलाइन निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) भरने/अपलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 13.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक– वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भरना/अपलोड करना। |
| ऑनलाइन तकनीकी निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | दिनांक 14.04.2026 दोपहर 12.00 बजे से |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों के ऑनलाइन वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने का दिनांक एवं समय | तकनीकी निविदा की कार्यवाही उपरांत वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने के संबंध में पृथक सूचित किया जावेगा। |
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | **राशि रूपये 1000/– (रू. एक हजार) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।** |
| ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुल्क | **पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल पर दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा।** |
| निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि | **राशि रूपये 50,000/–(रू. पचास हजार मात्र) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।** |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र
भोपाल

1. कार्यो का विवरण निम्नानुसार है–

1.1 आयुर्वेदिक औषधियों की शासकीय एवं खुदरा आपूर्ति **(Govt & Retail Supply)** प्रदेश एवं देश के विभिन्न स्थानों तक परिवहन कार्यो (Transportation/Courier/Delivery) का संपादन कार्य।

1.2 खुदरा आपूर्ति गंतव्य स्थानों पर बाक्स को परिवहन करने हेतु लोडिंग/अनलोडिंग कराना/गिनती कराना, पहुंचाना।

1.3 औषधियों के कोरियर की आपूर्ति गंतव्य स्थल (Door Delivery) के आधार पर की जानी होगी।

1.4 शासकीय एवं खुदरा आपूर्ति **(Govt & Retail Supply)** के गंतव्य स्थलों जैसे–प्रदेश के समस्त संजीवनी केन्द्रों/वितरकों एवं प्रदेश के बाहर नियुक्त किए गए/वितरकों/फ्रेंचायजी तक परिवहन कार्यो का संपादन करना।

1.5 औषधियों के बाक्स/कोरियर के प्रदाय उपरांत पावती इस कार्यालय को प्रस्तुत करना।

1.6 Ecommerce/ Online Marketing हेतु Courier/Delivery के लिए अलग–अलग वजन के आधार पर गंतव्य स्थल (Door Delivery) के आधार पर की जाएगी।

2. **ऐसी संस्थाए जो उक्त कार्यो के संपादन हेतु सेवा प्रदान करने हेतु इच्छुक हैं, एवं निम्नलिखित मानदंडों को पूर्ण करती हो, को कार्य आवंटन के संबंध में वरीयता दी जा सकेगी–**

2.1 पिछले 3 वर्षो में कम से कम 3 गैर–शासकीय एवं 2 शासकीय संस्था को सेवा प्रदान करने का प्रमाण एवं उसका विवरण।

2.2 वर्तमान केलेन्डर वर्ष में उपरोक्त समकक्ष सेवा प्रदान करने की निरन्तरता का प्रमाण होना आवश्यक है।

3. **निविदा प्रक्रिया से संबंधित दिशा–निर्देश एवं शर्तेः–**

3.1 प्रथम बार ई–टेंडरिंग में भाग लेने वाले निविदाकार, निविदा भरने से पूर्व पंजीयन, डिजिटल हस्ताक्षर आदि औपचारिकताओं की पूर्ति अग्रिम में कर लें।

3.2 निविदा प्रपत्र शुल्क–निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार को सर्वप्रथम म.प्र. शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया पूर्णकर, रू. 1000/– के ई–पेमेन्ट से द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगा।

3.3 प्रोसेसिंग फीस–पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा।

3.4 निविदा प्रतिभूति (Earnest Money Deposit)– निविदा प्रतिभूति (EMD) की राशि रूपये 50,000/– (रूपये पचास हजार मात्र) होगी, जिसे ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि अन्य किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

3.5 बोलीदाता/निविदाकार म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से 13.04. 2026 को सायं 5.00 बजे से 13.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा ऑनलाइन अपलोड कर सकेगें।

3.6 निविदाकारों को निविदा से संबंधित स्पष्टीकरण या नियत तिथि वृद्धि की सूचना हेतु ई–टेंडरिंग वेबसाईट का नियमित अवलोकन करते रहना चाहिए।

3.7 निविदा अहस्तांतरणीय है। निविदा फार्म हेतु जमा की गई राशि वापिस नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि के बिना निविदा निरस्त कर दी जाएगी।

3.8 निविदाकार को बोली प्रपत्र ऑनलाइन फार्मेट में डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु निविदाकार को https://mptenders.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन

करना होगा। उक्त पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया एवं निविदा ऑनलाईन क्रय / जमा करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी हेतु टोल फ्री नं. 0120—4200462 / 4001002 पर कार्य दिवसों में प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक या ईमेल—eproc@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं। ऑनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलाजी अधिनियम—2000 के तहत प्राप्त करना होगा। निविदाकार डिजिटल सर्टिफिकेट, सीसीए द्वारा स्वीकृत संस्था से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदाकारों के पास पूर्व से वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।

3.9 सर्शत बोली स्वीकार नही की जाएगी।

3.10 ऑनलाइन निविदा बोली के 2 इलेक्ट्रानिक लिफाफे होगें—

(1) तकनीकी निविदा (2) वित्तीय निविदा

3.11 तकनीकी निविदा बोली में वांछित दस्तावेजों की प्रतियां जोकि अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व—प्रमाणित / हस्ताक्षरित हो, स्केन कर अपलोड करनी होगी।

3.12 निविदाकार का विगत 3 वित्तीय वर्षो (FY 2022—23, 2023—24 एवं 2024—25) का न्यूनतम औसत टर्नओवर रूपये 50 लाख होना आवश्यक है—

**3.13 ऑनलाइन वित्तीय निविदा भरते समय निविदाकार / बोलीदाता यह सुनिश्चित कर लें कि परिशिष्ठ—1 में वर्णित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में करने हेतु सक्षम है।**

3.14 बोली प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फार्मेट में म.प्र.शासन की बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन दिनांक **13.04.2026** तक दोपहर 12.00 बजे तक जमा कराए जा सकते है। तकनीकी निविदाएं ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.—पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में दिनांक 14.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे से निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समिति द्वारा खोली जाएगी।

3.15 यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है, अथवा तकनीकी कारणों से निविदा नही खुल पाने की स्थिति में अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर निविदाएं खोलने की कार्यवाही की जाएगी।

3.16 निविदा से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं आनलाईन होगी।

3.17 तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएगी।

4. **निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज ऑनलाईन पोर्टल पर दिनांक 13 / 04 / 2026 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड कराया जाना आवश्यक है—**

4.1 ई—पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रपत्र शुल्क का ब्यौरा।

4.2 ई—पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा।

4.3 संस्था के पंजीयन के प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।

4.4 पैन / टेन की सत्यापित छायाप्रति।

4.5 निविदाकार का GST पंजीयन प्रमाण की सत्यापित छायाप्रति।

4.6 चार्टर्ड एकाउटेंट / अंकेक्षक द्वारा प्रमाणीकृत विगत तीन वित्तीय वर्ष (FY 2022—23, 2023—24 एवं 2024—25) के टर्नओवर की प्रतियॉं।

4.7 पिछले 3 आंकलन वर्षो (AY 2023—24, 2024—25 एवं 2025—26) हेतु जमा आयकर विवरणिका (ITR) की प्रति।

4.8 संस्था द्वारा निविदा में भाग लेने के लिये संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र।

4.9 निविदाकार को 100 रुपए के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर अथवा संस्था के लेटरहेड पर स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र देना होगा, जिसमें यह घोषणा की जावेगी कि निविदाकर्ता का नाम केन्द्र शासन/किसी भी राज्य शासन के विभाग एवं उसके निगम मंडल की काली सूची में दर्ज नहीं है।

**(उपरोक्त वर्णित बिन्दु क्रमांक– 4.1 से 4.9 तक के तकनीकी लिफाफे (Technical Bid) के दस्तावेज स्केन कर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है, ऐसा न किये जाने पर संबंधित निविदाकार की निविदा निरस्त कर दी जाएगी। निविदा निरस्त होने की स्थिति में किसी भी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा)।**

5. निविदा खोलने की तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है, तो अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर निविदाएं खोलने की कार्यवाही की जाएगी।
6. निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सभी निविदा नही खोले जा सकने की स्थिति में अगले कार्यदिवस में शेष निविदा खोलने का कार्य जारी रहेगा।
7. निविदा से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं आनलाईन होगी।
8. तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएंगी।
9. ऑफलाईन, फैक्स या ई–मेल से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं होगी।
10. <u>ऑनलाइन वित्तीय निविदा **(Financial Bid)**</u>

10.1 निविदाकार परिशिष्ट–1 सूची अनुसार उत्पादों के लिये अपनी दर निर्धारित कालम में आनलाइन मोड में ही प्रस्तुत कर सकेंगे।

10.2 एक से अधिक निविदाकर्ताओं के सफल होने की स्थिति में **''पी–1: बाक्स लोडिंग/अनलोडिंग''** हेतु न्यूनतम प्राप्त दरों को ही समस्त सफल निविदाकारों को मान्य होगा।

11 किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल का होगा।**

12 सफल निविदाकार को दर स्वीकृति की सूचना पत्र द्वारा प्रेषित की जावेगी।

13 **निष्पादन प्रतिभूति** (Performance Guarantee)– ''म.प्र.भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 यथा संशोधित–2022'' अनुसार निविदा के उचित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि सुरक्षा निधि के रूप में 7 दिवस के भीतर जमा करना होगी। सफल निविदाकार को करारनामा किये जाने के पूर्व रू. 1,00,000/– (रूपये एक लाख मात्र) निष्पादन प्रतिभूति राशि किसी भी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट, मियादी जमा रसीद अथवा बैंकर्स चैक "CEO, MFP-PA RC, Bhopal" के नाम से भोपाल में देय अथवा 18 माह के लिए वैध बैंक गारंटी "CEO, MFP-PARC, Bhopal" के पक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जमा न कराये जाने पर संबंधित निविदाकार की निविदा निरस्त करने अथवा निविदाकार को देय राशि से वसूलने एवं ई.एम.डी. राजसात करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

14 सफल निविदाकर्ता से सुरक्षा निधि के रूप में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि प्राप्त होने पर ही निविदाकर्ता द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन जमा निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि को आनलाइन पोर्टल की शर्त अनुसार वापस उनके खाते में लौटाई जाएगी।

15 **निविदाकार का करारनामा–**

सफल निविदाकार/प्रस्तावकर्ता द्वारा रूपये 100/– के नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पत्र पर एक करारनामा (इसका वहन निविदाकर द्वारा किया जाना है) **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल''** के साथ स्वीकृति सूचना के 15 कार्य दिवस के अन्दर किया जाना होगा।

16 **शर्तें–**

16.1 आपूर्ति की जा रही सामग्री की टूट–फूट / ब्रेकेज की जबाबदारी संबंधित फर्म / संस्था की रहेगी।

16.2 परिवहन की जा रही सामग्री का बीमा किया जाना आवश्यक होगा। परिवहन के दौरान होने वाली क्षति / नुकसान के लिए संबंधित फर्म / व्यक्ति / संस्था की जिम्मेदारी होगी।

16.3 यदि किसी कारणवश कम सामग्री क्रेता तक पंहुचती है, तो पूरक सामग्री बिना किसी शुल्क के उसी स्थान पर दोबारा भेजने की जिम्मेदारी फर्म / व्यक्ति की होगी।

16.4 सफल निविदाकार के कार्यालय / वेयरहाउस का **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** या उनके नामित कोई प्रतिनिधि निरीक्षण कर सकेगा।

16.5 जहां पर दो निविदाकारों द्वारा एक समान दरें प्रस्तुत की जाती है तो **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों / क्षमता के आधार पर अपने विवेकानुसार आदेश प्रदाय करेंगे।

16.6 परिवहन कार्यो हेतु प्रति बाक्स / वजन प्रति किलो एवं दूरी के आधार पर पृथक–पृथक दरों का प्रस्ताव दिया जा सकता है। न्यूनतम दरों को ही आधार माना जाएगा।

16.7 परिवहनकर्ता द्वारा प्रदाय दरों एवं करों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की शुल्क / छुपे व्यय / अन्य व्यय इत्यादि का भुगतान एवं प्रतिपूर्ति नही की जाएगी।

16.8 आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की सुरक्षा एवं उचित प्रबंधन की जिम्मेदारी फर्म / संस्था / व्यक्ति की होगी।

16.9 सफल निविदाकार द्वारा परिवहन कार्य निर्धारित समय पर न करने की दशा में एल–2 निविदाकार से परिवहन कार्य करा लिया जायेगा, एल–2 निविदाकार द्वारा परिवहन कार्य न करने पर एल–3 निविदाकार से परिवहन कार्य करा लिया जायेगा तथा परिवहन पर किये गये व्यय में यदि कोई अन्तर होता है तो अन्तर की राशि सफल निविदाकार से वसूल की जायेगी। ऐसी स्थिति में निविदाकार द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा निष्पादन प्रतिभूति राशि अधिग्रहित की जा सकेगी।

17 भुगतान–

17.1 कार्यो के विरूद्ध कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

17.2 संतोषजनक 30 कार्य दिवस के भीतर देयक की प्रस्तुति पर भुगतान किया जावेगा।

17.3 सत्यंकार राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा, असफल निविदाकार को उनके द्वारा जमा की गई राशि, उनके आवेदन पर निर्णय उपरान्त वापिस कर दी जावेगी।

18 **भुगतान में कटौती–** परिवहन के दौरान लापरवाही से हुए नुकसान / क्षति की पूर्ति देय भुगतान की राशि से कटौती कर की जाएगी।

19 निविदा के सम्बन्ध में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज संघ, भोपाल का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

20 न्यायालीन विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल

परिशिष्ठ –1

## परिवहन, लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्य हेतु दरों से संबंधित प्रपत्र

| कार्य का प्रकार | Item Code | Item Description | दर प्रति | दर (प्रति बाक्स/ प्रति ट्रिप /प्रति कि.मी.) राशि रुपए में |
|---|---|---|---|---|
| लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों की शासकीय एवं खुदरा आपूर्ति मध्यप्रदेश एवं प्रदेश से बाहर के विभिन्न स्थानों तक परिवहन, लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्य तथा कोरियर सर्विस | पी-1 | बाक्स लोडिंग / अनलोडिंग | प्रति बाक्स | |
| | पी-2 | भोपाल लोकल ढुलाई (छोटी गाडी–पिकअप) | प्रति ट्रिप | |
| | पी-3 | भोपाल लोकल ढुलाई (छोटी गाडी–लोडिंग ऑटो) | प्रति ट्रिप | |
| | पी-4 | भोपाल लोकल ढुलाई (आईसर / मेटाडोर–14 फिट) | प्रति ट्रिप | |
| | पी-5 | भोपाल लोकल ढुलाई (आईसर / मेटाडोर–19 फिट) | प्रति ट्रिप | |
| | पी-6 | भोपाल से बाहर ढुलाई (छोटी गाडी–पिकअप) | प्रति कि.मी. | |
| | पी-7 | भोपाल से बाहर ढुलाई (छोटी गाडी–लोडिंग ऑटो) | प्रति कि.मी. | |
| | पी-8 | भोपाल से बाहर ढुलाई (आईसर / मेटाडोर–14 फिट) | प्रति कि.मी. | |
| | पी-9 | भोपाल से बाहर ढुलाई (आईसर / मेटाडोर–19 फिट) | प्रति कि.मी. | |
| | पी-10 | कोरियर सर्विस चार्जेज (मध्यप्रदेश के भीतर) | प्रति कि.ग्रा. | |
| | पी-11 | कोरियर सर्विस चार्जेज (मध्यप्रदेश के बाहर) | प्रति कि.ग्रा. | |

परिशिष्ठ –2

:: घोषणा ::

1. मैं (नाम) .........................................................आत्मज................................................. एतद् द्वारा कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते मान्य हैं।

2. मैं (नाम) ......................................................आत्मज..................................................... एतद् द्वारा बैंक ड्राफ्ट नं. ..........................दिनॉक .................................. राशि रूपये ............................................ जो कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र के नाम से भोपाल में देय है, जमा करता हूँ।

3. मेरे द्वारा निविदा के शर्तों (अधि.क्र. / एम.एफ.पी.–पार्क / परिवहन–1 / 2026 / 280 दिनॉक 18 / 03 / 2026) के उल्लंघन अथवा पालन नहीं होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के द्वारा निविदा शर्तों के अनुसार जो भी दण्ड दिया जायेगा, मैं उसका प्रतिभागी होऊँगा।

दिनॉक .............................

निविदाकार के हस्ताक्षर

साक्षी

1. हस्ताक्षर
   नाम...............................................
   पता ...............................................
   .........................................................
   दूरभाष क्र. .........................

2. हस्ताक्षर
   नाम ..............................................................
   पता ..............................................................
   ......................................................................
   दूरभाष क्र. ......................................................

नाम ...................................................

निविदाकार का पूरा पता
(पत्र व्यवहार के लिये)
.............................................................
.............................................................

दूरभाष क्र. ..........................................

परिशिष्ठ –3

## संस्था/फर्म/एजेण्ट की जानकारी

निविदाकार/संस्था/फर्म/का नाम :

पत्र व्यवहार का पता :

स्थायी पता :

दूरभाष क्र. :

फैक्स क्र. :

ई–मेल क्र. :

**VAT** क्र. :

**CST** क्र. :

हस्ताक्षर ..............................................................

नाम ..............................................................

पदनाम ..............................................................

दूरभाष क्र. .................................... ..........................

परिशिष्ट –4

## जाँच सूची

| क्रं. | विवरण | पृष्ठ संख्या | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| 1 | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रपत्र शुल्क का ब्यौरा/पावती/रसीद। | | | |
| 2 | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा/पावती/रसीद। | | | |
| 3 | संस्था के पंजीयन के प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति। | | | |
| 4 | पैन/टैन की सत्यापित छायाप्रति। | | | |
| 5 | निविदाकार का GST पंजीयन प्रमाण की सत्यापित छायाप्रति। | | | |
| 6 | चार्टर्ड एकाउटेंट/अंकेक्षक द्वारा प्रमाणीकृत विगत तीन वित्तीय वर्ष (FY 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) के टर्नओवर की प्रति। उक्त तीन वर्षो का औसत टर्नओवर न्यूनतम रू. 50 लाख होना आवश्यक है। | | | |
| 7 | पिछले 3 आंकलन वर्षों (AY 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) हेतु जमा आयकर विवरणिका (ITR) की प्रति। | | | |
| 8 | निविदाकार द्वारा घोषणा, परिशिष्ट–II | | | |
| 9 | संस्था द्वारा निविदा में भाग लेने के लिये संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र। | | | |
| 10 | निविदाकार को 100 रुपए के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर अथवा संस्था के लेटरहेड पर स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र देनी होगी, जिसमें यह घोषणा की जावेगी कि निविदाकर्ता का नाम केन्द्र शासन/किसी भी राज्य शासन के विभाग एवं उसके निगम मंडल की काली सूची में दर्ज नहीं है। | | | |

नोटः– निविदाकार उपरोक्तानुसार अभिलेखों को संलग्न कर ऑनलाईन रुप से पोर्टल पर प्रस्तुत करेंगे।

हस्ताक्षर ..................................................................

नाम ..................................................................

पदनाम ..................................................................

दूरभाष क्र. ..................................................................